वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के मुताबिक निर्यात में बढ़ोतरी के लिए भारतीय कृषि पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और इस काम के लिए कई लैब स्थापित किए गए हैं। कई बार निर्यात की एक खेप के माल के खराब होने से पूरे माल को खराब मान लिया जाता है। इस प्रकार की स्थिति से बचने के लिए गुणवत्ता पर फोकस किया जा रहा है।

आइएमएफ ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

2025-26 के लिए 6.2 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया, 2025 में वैश्विक वृद्धि 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान

न्यूयार्क, एजेंसी : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पहले के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से कम है। मुख्य रूप से व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए वृद्धि दर अनुमान को कम किया गया है। आइएमएफ ने अपने विश्व आर्थिक परिदृश्य में कहा, 'भारत के लिए, 2025 में वृद्धि का परिदृश्य अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है और वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। वृद्धि को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निजी खपत से समर्थन मिलेगा।'

भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2024-25 में यह 6.5 प्रतिशत रही। वृद्धि दर का यह अनुमान जनवरी, 2025 के अनुमान की तुलना में 0.3 प्रतिशत कम है और इसका कारण व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता है। आइएमएफ ने कहा, 2025 में वैश्विक वृद्धि 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान से 0.5 प्रतिशत कम है। 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बारे में कहा गया है कि वृद्धि दर 2025 में घटकर 1.4 प्रतिशत और 2026 में 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान 2025 के लिए जनवरी में जताए गए अनुमान की तुलना में 0.5 प्रतिशत कम है। यह 2024 में 1.8 प्रतिशत रही थी। चीन के लिए, 2025 की जीडीपी वृद्धि को घटाकर चार प्रतिशत कर दिया गया है जबकि जनवरी में इसे 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

SBI
हर भारतीय का बैंक
एसबीआई की अमूल्य धरोहर
भारतीय स्टेट बैंक की केवल 480 शाखाएं थीं जब 01 जुलाई 1955 को इसकी स्थापना हुई। आज, इसकी 22,812 से अधिक शाखाएं दुनिया के 29 देशों में फैली हुई हैं। आप सप्ताह के प्रति दिन शाखा में जाएं तब भी आपको सभी शाखाओं में जाने में 62 वर्षों से अधिक का समय लगेगा।
SBI 70th SAAT DASHAK DESH KE SAATH
Continuing 219 years of Legacy

अब भारत में भी सौर पैनलों के प्रमाणीकरण-परीक्षण की सुविधा

नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने लैब का किया उद्घाटन, भारत में अभी नौ हजार मेगावाट क्षमता के सोलर माड्यूल निर्माण की है ताकत

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सौर ऊर्जा के पैनलों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने की दिशा में भारत ने सोमवार को एक अहम कदम बढ़ाया। अब देश में निर्माण होने वाले सोलर पैनलों की परीक्षण और प्रमाणीकरण की सुविधा देश में उपलब्ध होगी।

नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (एमएनआरई) प्रल्हाद जोशी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गुड़गांव में नेशनल इंस्ट्रीयूट आफ सोलर एनर्जी (नाइस) की तरफ से स्थापित पीवी माड्यूल की टेस्टिंग व कैलिब्रेशन लैब का उद्घाटन किया। अभी तक सोलर पैनल के निर्माण को लेकर इस तरह की टेस्टिंग व प्रमाणीकरण का कोई सर्वमान्य स्टैंडर्ड भारत में उपलब्ध नहीं है। भारत सरकार ने पिछले तीन-चार वर्षों से देश में सौर ऊर्जा से जुड़े सभी उपकरणों के घरेलू स्तर पर ही निर्माण करने की नीति लागू की हुई है और इसका असर भी दिख रहा है। भारत में वैसे अभी नौ हजार मेगावाट क्षमता के सोलर माड्यूल निर्माण की ही क्षमता है लेकिन इसके वर्ष 2027 तक बढ़कर 80 हजार मेगावाट हो जाने की संभावना है। इस अवसर पर एमएनआरई मंत्री जोशी ने कहा, 'अब तेजी से सौर ऊर्जा क्षमता लगाई जाएंगी।

कुछ राज्यों के साथ ही जल्द ही समझौता होने वाला है, जिससे 40 हजार मेगावाट क्षमता चालू हो सकेगी। वर्ष 2030 तक सरकार ने देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में पांच लाख मेगावाट क्षमता की बिजली नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर से लगाने का लक्ष्य रखा है। इसे हासिल करने के लिए हर साल 50 हजार मेगावाट क्षमता स्थापित करनी होगी। यह अब संभव है। वर्ष 2030 तक देश की सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता 2.92 लाख मेगावाट होगी।'

भारत और अमेरिका ने समझौते के लिए संदर्भ शर्तों को अंतिम रूप दिया

नई दिल्ली, एजेंसी: भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की वार्ता के लिए खाका तैयार करते हुए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर ने कहा कि जारी वार्ताएं अमेरिकी वस्तुओं के लिए नए बाजार खोलकर और अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाने वाली अनुचित चलन को खत्म करके संतुलन और पारस्परिकता हासिल करने में मदद करेंगी।

भारत की रचनात्मक भागीदारी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं दोनों देशों में श्रमिकों, किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा करने की आशा करता हूं।' ग्रीर ने कहा, 'मुझे यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि यूएसटीआर और भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पारस्परिक व्यापार पर वार्ता के लिए खाका तैयार करने के लिए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है।'

भारत में अवसर तलाशें वैश्विक आइटी कंपनियां

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ● प्रेट्र

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) उद्योग क्षेत्र के कई दिग्गजों से मुलाकात की और उन्हें तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसर तलाशने के लिए भारत में आमंत्रित किया। गूगल क्लाउड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थामस कुरियन और उनकी टीम के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान, सीतारमण ने उन्हें क्षेत्रीय सहयोग के लिए भारत में स्थानीय संबंधों की तलाश करने और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत और वैश्विक बाजार के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करने को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने हाल के वर्षों में डिजिटल इंडिया पहल के तहत भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के परिवर्तनकारी विकास पर चर्चा की, जिसने देश को डिजिटल स्वीकार्यता में वैश्विक अगुआ के रूप में स्थापित किया। कुरियन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआइ) मिशन और भारत द्वारा अपनाई जा रही प्रगति की सराहना की। उन्होंने भूमि और समुद्री अवसंरचना के माध्यम से भारत को वैश्विक नेटवर्क से जोड़ने की जरूरत पर भी जोर दिया।

ट्यूरिंग के सीईओ जोनाथन सिद्धार्थ के साथ एक अन्य बैठक के दौरान, वित्त मंत्री ने एआइ के लिए भारत की नीतिगत रूपरेखा के बारे में बताया और उन्हें उनकी कंपनी को सहयोग और उपयोगी सहभागिता के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि सिद्धार्थ ने भारत को एआइ क्रांति में सबसे आगे देखने की इच्छा जताई और भारत के साथ एआइ के क्षेत्र में काम करने की बात कही। डेटा रोबोट के सीईओ देबांजन साहा ने भी वित्त मंत्री से मुलाकात की और एआई महाशक्ति बनने की भारत की क्षमता का उल्लेख करते हुए एआई उत्कृष्टता केंद्र में भाग लेने में रुचि जताई, जिसके लिए हाल ही में केंद्रीय बजट 2025-26 में 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

साहसिक सुधार भारत की वृद्धि गाथा के लिए महत्वपूर्ण: सीतारमण

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि अगले दो दशकों में सतत वृद्धि के लिए भारत की खोज एक नए प्रतिमान पर टिकी है, जो साहसिक सुधारों, बढ़ी हुई घरेलू क्षमताओं और उभरते वैश्विक परिदृश्य के लिए उपयुक्त रणनीतिक संस्थागत सहयोग से प्रेरित है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में उन्होंने कहा कि पिछले दो केंद्रीय बजटों ने स्पष्ट बहु-क्षेत्रीय नीति एजेंडे के साथ इस बदलाव की नींव रखी है। पिछले दशक में सरकार ने संरचनात्मक सुधार किए हैं, 20,000 से अधिक अनुपालनों को तर्कसंगत बनाया है, व्यापार कानूनों को अपराधमुक्त किया है।

नईदुनिया क्लासीफाइड
कम दाम, ज्यादा काम
Pick of the Day
फर्नीचर शादी में देना हो या घर सजाना हो

6x6 डबलबेड प्लाई में @ 11999/-
2 डोर अलमारी-Wood Base में @ 5999/-
6 सीटर कार्नर सोफा सेट @ 9999/-
3 डोर अलमारी-Wood Base में @ 8499/-
डायनिंगसेट, दिवान, सेन्टर टेबल व अन्य वैरायटी, घर, किचन, आफिस, दुकान का फिक्स फर्नीचर तैयार मिलता है और आर्डर से भी बनाया जाता है।
सभी प्रकार की फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
Sunday Open | BAJAJ FINSERV
M.K.FURNITURE
134, मैकेनिक नगर, भंवरकुआ एप्पल हॉस्पिटल के पास, पावर हाउस के सामने, इंदौर 9754486187

नईदुनिया Medical Helpline
इंदौर में गुप्त रोगों के चिकित्सक
पूरी दुनिया क्यों मानती है?
अपने स्वास्थ्य व सुखी वैवाहिक जीवन के लिए क्वालिफाइड डॉक्टर से उचित सलाह लें। एम. शाह पिछले 76 वर्षों (पुश्तैनी) से स्थापित तौर पर इंदौर में अपने रोगियों का इलाज सफलतापूर्वक कर रहे हैं। ताकत जवानी व संतान के इच्छुक पक्के इलाज के लिए मिलें। सफेद दाग व चर्म रोग का इलाज भी किया जाता है।
फर्जी, नकली डॉक्टरों से बचें
इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक आयुर्वेदिक इलाज।

एम. शाह
नवदीप डिस्पेन्सरी
98260-31180, 79742-47575
श्री कृष्ण कॉम्पलेक्स के पास, तोपखाना पोस्ट ऑफिस, 105/1, एम.जी. रोड़, इन्दौर
☎ 0731-2530156
*विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया स्वविवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए नईदुनिया जिम्मेदार नहीं रहेगा।

एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 15 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी: एचडीएफसी बैंक के शेयरों में मंगलवार को करीब दो प्रतिशत की तेजी आई और इससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह देश की तीसरी कंपनी बन गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 17,46,961.68 करोड़ रुपये है, जबकि टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 12,00,499.53 करोड़ रुपये है। एकल आधार पर, देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने मार्च तिमाही के लिए 17,616 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED www.rajratan.co.in
Regd. Office: Rajratan House, 11/2, Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401
Email: investor.cell@rajratan.co.in
CIN No. L27106MP1988PLC004778

EXTRACTS OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2025

Rs. In Lacs (Except Earnings per share)

S. No.	PARTICULARS	CONSOLIDATED				STANDALONE			
		Quarter Ended 31.03.2025 (Audited)	Quarter Ended 31.03.2024 (Audited)	Year Ended 31.03.2025 (Audited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)	Quarter Ended 31.03.2025 (Audited)	Quarter Ended 31.03.2024 (Audited)	Year Ended 31.03.2025 (Audited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)
1.	Total income from operations (Net)	25198	24057	93693	89385	16104	13994	59344	55776
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	2006	2643	7736	9381	1780	2111	6265	7495
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2006	2643	7736	9381	1780	2111	6265	7495
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	1520	2025	5880	7184	1303	1587	4630	5585
5.	Total Comprehensive Income	1746	1370	7654	6338	1310	1607	4628	5596
6.	Equity Share Capital	1015	1015	1015	1015	1015	1015	1015	1015
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year			54470	47832			37382	33768
8.	Basic and Diluted Earnings Per Share (of Rs. 2/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic:	2.99	3.99	11.58	14.15	2.57	3.13	9.12	11.00
	2. Diluted:	2.99	3.99	11.58	14.15	2.57	3.13	9.12	11.00

Note: **1.** The above is an extract of the detailed format of results for Quarter/Year ended on 31.03.2025 filed with the Stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated Quarterly/Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website (www.rajratan.co.in). **2.** The standalone and consolidated results have been reviewed by the Audit Committee in it's meeting held on 21st April ,2025 and taken on record by Board of Directors in its meeting held on 21st April ,2025. The statutory auditors have audited the financial statements and have expressed an unqualified audit opinion.

Place : Indore
Date : 21st April, 2025

By order of the Board
Sunil Chordia
Chairman & Managing Director
DIN - 00144786

एक नजर

पृथ्वी हमारी सबसे न्यारी... इसमें बस्ती दुनिया सारी....

इंदौर (नप्र)। अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। अर्थ डे पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। द न्यू ईरा पब्लिक स्कूल के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से अर्थ के विषय में स्कूल के प्राचार्य ने जानकारी दी। इसके लिए स्कूल की इंचार्ज छाया रघुवंशी ने विशेष रूप से नर्सरी से केजी सेकेंड के बच्चों को तैयार किया था। बच्चों ने इसके लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए और स्लोगन लिखकर कविता सुनाई। इस मौके पर केजी सेकेंड की छात्रा सौम्या नामदेव ने पृथ्वी हमारी सबसे न्यारी... इसमें बस्ती दुनिया सारी कविता सुनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी टीचर मौजूद रहे।

ढाई आखर कला संवाद का तीसरा सफल आयोजन

इंदौर (नप्र)। विसर्जन आश्रम में 'ढाई आखर कला संवाद' का एक और सार्थक सत्र आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में इंदौर और हरदा जिले से युवा और वरिष्ठ कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने कला, सामाजिक समरसता और आपसी जुड़ाव पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरूआत नृत्य की गतिविधि से हुई पश्चात कबीर के एक प्रेरणादायक भजन रसखन्स हे म्हारा इन्सान हक बनेगेर से हुई, जिसे कबीर गायक विक्रमसिंह बोरदिया लाखन मंडलोई एवं साथियों ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। इस भक्तिमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम के लिए एक सकारात्मक और चिंतनशील माहौल तैयार कर दिया। इसके पश्चात, कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने कला के महत्व और उसकी गहराई पर एक विस्तृत संवाद किया इस महत्वपूर्ण संवाद में हरदा से आई शिवानी टाले ने 'ढाई आखर कला संवाद' की अवधारणा को संक्षेप में समझाया। उन्होंने बताया कि ढाई आखर एक ऐसा मंच है जहाँ प्रदर्शनकारी कलाओं से जुड़े कलाकार और कला प्रेमी एक साथ आकर कला के माध्यम से आपस में एक मजबूत बंधन बनाते है। यह विविध लोक कला समूहों, युवा बैंड, कला संस्थाओं और व्यक्तियों का एक ऐसा तबका है जो विभिन्न तत्वों और भारतीय संविधान के मूल्यों को सहज और कलात्मक रूप में प्रस्तुत करता है।

निःशुल्क अभिनय की कार्यशाला 1 मई से

इंदौर (नप्र)। कलाव्योम फाउंडेशन, संस्कृति विभाग मप्र और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से युवाओं को फिल्म क्षेत्र में कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से अभिनय की निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन 27 अप्रैल से किया जा रहा है। केके कॉलेज, विजय नगर में आयोजित की जाने वाली यह कार्यशाला 1 मई तक चलेगी। कार्यशाला में एनएसडी के प्रशिक्षक अभिनय, फोटोग्राफी और पटकथा लेखन का प्रशिक्षण प्रतिभागियों को देंगे। वहीं इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को फिल्म शूटिंग सेट पर जाकर फिल्म निर्माण की बारीकियां समझने का अवसर भी मिलेगा।

पांच साल के मासूम ने दी मां को मुखाग्नि

दो साल की मासूम को दफनाया, घायल पिता का अस्पताल में चल रहा इलाज

इंदौर (नप्र)। रायसेन एक्सीडेंट में मृत इंदौर के रामनगर में रहने वाली दो साल की मासूम तस्वी उर्फ चीनू और उसकी मां सरिता खोलवाल का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। 5 साल के मासूम बेटे हरमन उर्फ चीकू ने मां को मुखाग्नि दी। एक्सीडेंट में घायल मासूम के पिता रवि खोलवाल का भोपाल के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्हें पत्नी और बेटी की मौत की जानकारी नहीं है।

दरअसल, ये हादसा सोमवार सुबह रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर हुआ था। शादी से लौट रहे परिवार की तूफान गाड़ी बम्होरी ढाबे के पास पुलिया से टकराकर 10 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। गाड़ी में 9 लोग सवार थे, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए थे, जबकि इंदौर के रामनगर में रहने वाली सरिता खोलवाल और दो साल की तस्वी उर्फ चीनू की भी मौत हो गई थी।

रात दो बजे इंदौर पहुंचे शव- घटना का पता चलने पर इंदौर से परिवार के लोग रायसेन पहुंचे थे। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को लेकर इंदौर पहुंचे। रामनगर में रात करीब दो बजे जब मां-बेटी के शव घर पहुंचे तो परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के राजेश खोलवाल ने बताया कि पहले शवों को फ्रीजर में रखने वाले थे, लेकिन रात होने के कारण घर पर ही कूलर में शवों को रखा गया। मगर काफी देर होने के कारण समय से पहले अंतिम संस्कार के लिए ले जाना पड़ा। सुबह होते ही परिवार के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी में लग गए।

मासूम बेटे ने दी मां को मुखाग्नि- परिजनों ने बताया कि पंचकुइया मुक्तिधाम पर सरिता का अंतिम संस्कार किया गया। सरिता का पांच साल के मासूम बेटे चीकू ने मां को मुखाग्नि दी। परिवार के एक सदस्य ने गोदी में लेकर चीकू के साथ अंतिम संस्कार की सभी रस्में पूरी कराई और सरिता को अंतिम विदाई दी। इधर, परिवार के लोगों का कहना है कि चीकू अभी भी पूरी घटना से अनजान है। इधर, परिजनों ने बताया कि हादसे में घायल सरिता के पति रवि का भोपाल के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसे नहीं पता है कि इस हादसे ने उसकी पत्नी और बेटी को हमेशा-हमेशा के लिए छिन लिया है।

इंदौर में मिले दो कोविड पॉजिटिव मरीज

अलग-अलग बीमारियों के कारण एडमिट किया, फ्लू पैनल जांच में हुआ खुलासा, महिला की किडनी की बीमारी से मौत

इंदौर(नप्र)। लंबे समय बाद कोविड के दो मरीज मिले हैं। इनमें एक युवक है जबकि दूसरी बुजुर्ग महिला है। दोनों को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। दोनों को अलग-अलग बीमारियां हैं। इनमें से महिला की अन्य बीमारियों के चलते सोमवार को मौत हो गई जबकि युवक का इलाज चल रहा है।

इनमें से युवक मूलतः देवास का रहने वाला है और दो-तीन दिनों से उसे सर्दी खांसी थी। उसने पहले दूसरे अस्पताल में दिखाया लेकिन फर्क नहीं पड़ने पर अरबिंदो अस्पताल में दिखाया। यहां उसकी कई प्रकार की जांचें हुईं। जिनमें कोविड की पुष्टि हुई।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि-

कुछ मरीज ऐसे होते हैं जिनकी सर्दी-खांसी जल्द ठीक नहीं होती है। ऐसे में उनकी एक विशेष फ्लू पैनल जांच होती है जिसमें कई प्रकार की जांचें शामिल हैं। इसी में कोविड की भी जांच होती है। इसमें युवक कोविड पॉजिटिव पाया गया। उसे तत्काल अलग वार्ड में आइसोलेट किया गया है। उसकी हालत ठीक है।

दूसरी महिला इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र की रहने वाली है। 74 वर्षीय इस महिला को किडनी की बीमारी के कारण एडमिट किया गया था। उसे सीवियर सेप्टिक था। वह कोमार्बिट पैसेंट थी। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसकी भी फ्लू पैनल जांच की गई। इसमें वह भी कोविड पॉजिटिव पाई गई। सोमवार को उसकी मौत हो गई। डॉ. भंडारी ने स्पष्ट किया कि उसे कोविड था लेकिन मौत का कारण किडनी सहित अन्य बीमारियां थीं।

उधर, स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कांटेक्ट ट्रेसिंग शुरू कर दी है। युवक के संपर्क में आए लोगों की पहचान की जा रही है और उनके सैंपल लिए जाएंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने दोनों ही मरीजों के कोविड पॉजिटिव होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों ही मरीजों के परिजनों को आइसोलेट करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कॉन्ट्रेक्ट हिस्ट्री भी तलाशी जा रही है। उन्होंने इस मामले में लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

विधायक प्रतिनिधि का सिर दीवार पर मारा, लात-घूंसों से पीटा

घर के बाद अस्पताल के सामने भी की मारपीट

इंदौर(नप्र)। भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के प्रतिनिधि कपिल पाठक से अस्पताल के बाहर भी मारपीट हुई। परिवार कपिल को घायल हालत में यहां लाया था। तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और पिटाई कर दी। सिर दीवार पर मारा और लात-घूंसों से पीटा। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है।

हीरा नगर के सुखलिया में शनिवार रात पानी के टैंकर को हटाने को लेकर कपिल पाठक और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के बेटे-भतीजे के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि चिंटू चौकसे के परिवार के लोग लाठी-डंडे और रॉड लेकर आ गए। उन्होंने कपिल के साथ मारपीट की। उनके घर के बाहर खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ की। इसका वीडियो भी सामने आया था।

वहीं, सोमवार को बीजेपी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। उन्होंने एडिशनल डिप्टी कमिश्नर रामस्नेही मिश्रा को बताया कि कपिल के साथ दो बार मारपीट हुई है। घर और निजी अस्पताल के बाहर। इस कारण उसे अस्पताल से भागना पड़ा था। मिश्रा ने पुलिस से सीसीटीवी चेक करने के लिए कहा था, जिसके बाद अस्पताल के बाहर मारपीट का खुलासा हुआ।

भाजपा के कार्यकर्ता पाठक परिवार के साथ विजय नगर थाने पहुंचे और पुलिस कमिश्नर से फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग की। कपिल की पत्नी विनीता पाठक ने पुलिस को बताया, कपिल किसी को पहचान नहीं रहे हैं। उनके पिता जी की हालत भी ठीक नहीं है। उन्हें भी गंभीर चोट आई हैं।

पट्टाचार्य महोत्सव 27 से

इंदौर (नप्र)। श्रमण आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सान्निध्य में श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय गोधा एस्टेट गांधी नगर में छह दिवसीय पट्टाचार्य महोत्सव 27 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें 350 से अधिक साधु-साध्वी शामिल होंगे। पट्टाचार्य महोत्सव में इंदौर ही नहीं, अपितु अन्य राज्यों व विदेशों के समाज बंधु भी साक्षी बनने के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय गोधा एस्टेट, पट्टाचार्य महोत्सव समिति एवं गुरु भक्त परिवार ने बताया कि गोधा एस्टेट में होने वाले इस पट्टाचार्य महोत्सव में अध्यात्म योगी आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज सहित लगभग 350 संतों के सान्निध्य में समस्त मुख्य आयोजन जहां सम्पन्न होंगे उस मंडप का नाम देशना मंडप होगा।

हाईकोर्ट ने कहा- भारत में वैवाहिक बलात्कार को मान्यता नही

इंदौर में पत्नी की याचिका खारिज, पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप था

इंदौर (नप्र)। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने पत्नी से अप्राकृतिक संबंध के आरोप में पति को बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को कायम रखते हुए कहा कि यदि समान लिंग या अलग-अलग लिंग के दो व्यक्तियों के बीच दोनों पक्षों की सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध बनता है, तो यह भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अपराध नहीं होगा। इस नजीर में यह भी कहा गया है कि वैवाहिक बलात्कार को अब तक कानूनी मान्यता नहीं मिली है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद पत्नी की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय का रुख करने वाली महिला के पति को इंदौर की एक अतिरिक्त सत्र अदालत ने अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन कृत्य के आरोप से तीन फरवरी 2024 को बरी कर दिया था। यह आरोप भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन कृत्य) के तहत लगाया गया था। याचिकाकर्ता महिला के वकील की ओर से उच्च न्यायालय में कहा गया कि पर्याप्त सबूत के बावजूद निचली अदालत ने पति को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत लगाए गए आरोप से मुक्त कर दिया जो कानून की दृष्टि से गलत है। महिला ने उच्च न्यायालय से गुहार लगाई थी कि निचली अदालत के इस आदेश को रद्द किया जाए।

मास्को में मेयर, भारतीय दूतावास में की राजदूत से मुलाकात

इंदौर (नप्र)। अपने मॉस्को प्रवास के दौरान इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने रूस स्थित भारतीय दूतावास पहुँचकर भारत के राजदूत विनय कुमार से सौजन्य भेंट कर, भारत एवं रूस के सुमधुर संबंधों पर सविस्तार परिचर्चा की। मेयर भार्गव ने दूतावास प्रवास के दौरान देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर द्वारा, मॉस्को शहर के स्वच्छता से संबंधित नवाचारों को अपनाने के विषय में भी सार्थक चर्चा की।

Change in Name

To be informed to the public that my name was **MANISH JAIN S/O BABULAL JAIN** changed to **MANISH KUMAR JAIN S/O BABULAL JAIN** Now onward I shall be known by the name only.
MANISH KUMAR JAIN
Add:400, HI LINK CITY, INDORE(M.P.)452002

लताजी के चुनिंदा गीतों की प्रस्तुति आज

इंदौर (नप्र)। साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में संस्था राग रंग द्वारा लता अध्यात्म स्मरणता अर्घ्य कार्यक्रम आज दिनांक 23 अप्रैल बुधवार को शाम 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। संस्था के श्रीनिवास पुजारी ने बताया कि कार्यक्रम में लता मंगेशकर द्वारा गाए गए कालजयी गीतों की प्रस्तुतियां स्थानीय कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम आदित्य जागेचा (Aditya jagecha) था जो बदलकर मैने अपना नाम आदित्य जैन (Aditya Jain) पिता सुनील जैन (Sunil Jain) तथा माता गीता शेर (Geeta sher) कर लिया है अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम आदित्य जैन पिता सुनील जैन तथा माता गीता शेर के नाम से जाना व पहचाना जावे
पता 134 अन्नपूर्णा रोड महावर नगर इंदौर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **पिंकी बांगेजा** था। जो अब परिवर्तित होकर **द्रोपदी पति जयकुमार बांगेजा** हो गया है। जो कि मेरे समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज है। अतः अब भविष्य में मुझे **द्रोपदी बांगेजा** के नाम से ही जाना-पहचाना जावे।
द्रोपदी पति जयकुमार बांगेजा
737-738, शिवालय टाउनशिप-3, बिजलपुर, इंदौर-452012

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी भीकनगांव में स्थित भवन/भूखण्ड कमांक HIG-9 मंडल द्वारा श्री सचिन मुछाला पिता श्री परसराम मुछाला के नाम आवंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/01/2008 को पंजीकृत है। श्री सचिन मुछाला से उक्त संपत्ति श्री ओंकार मुछाला पिता श्री तुकारामजी मुछाला और श्री धन्नालाल मुछाला पिता श्री तुकारामजी मुछाला ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 31/03/2025 को अपने पक्ष में करा लिया है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र / संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री ओंकार मुछाला पिता श्री तुकारामजी मुछाला और श्री धन्नालाल मुछाला पिता श्री तुकारामजी मुछाला के संयुक्त नाम से हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र.गृ.नि. एवं अधोसंरचना विकास मंडल, खंडवा

यातायात नियमो का उल्लंघन पर 13,054 के बने चालान

इंदौर (नप्र)। इंदौर शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व यातायात जे वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा दिनाँक 27 मार्च से सघन यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र, चौराहों पर भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रति दिन दिशा निर्देश दिए जा रहे है। इस मुहिम के दौरान 27 मार्च से 21 अप्रैल तक बिना नंबर या स्टाइलिश नंबर प्लेट पर 3490 , मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले 199, अनाधिकृत हूटर 40, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 817, तीन सवारी बैठाने वाले 521, रेड लाइट का उल्लंघन करने 1492, ब्लेक फिल्म 717, वाहनों में इमरजेंसी लाइट का अनाधिकृत उपयोग पर 6, अन्य धाराओं में 5459 कुल 13054 चालान नियमो का उल्लंघन करने पर बनाये गए। आज दिनांक को गीता भवन चौराहा पर एमआईसी मेंबर मनीष मामा एवं राजू शर्मा के द्वारा सड़क सुरक्षा गीत गाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) मनोज कुमार श्रीवास्तव व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात अरविंद तिवारी एवं एसीपी यातायात हिंदू सिंह मुवेल के द्वारा वाहन चालकों की सराहना कर सम्मानित किया गया।

अहिल्याश्रम क्रमांक- 2 के व्यावसायिक शिक्षक मुकेश शर्मा सम्मानित

इंदौर (नप्र)। शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक- 2 के व्यावसायिक शिक्षक मुकेश शर्मा को राज्य स्तरीय बेस्ट वोकेशनल टेंचर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत संचालित दो ट्रेड जॉब रोल डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर के व्यावसायिक प्रशिक्षक मुकेश शर्मा को यह पुरस्कार विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा के शतप्रतिशत परिणाम तथा छात्राओं का श्रेष्ठ मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश स्तर पर आईसेक्ट ग्रुप द्वारा विकसित भारत योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया।

परशुराम जन्मोत्सव पर 27 अप्रैल को निकलेगी ब्राह्मण संस्कार यात्रा

इंदौर (नप्र)। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी श्री परशुराम सेना के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर 27 अप्रैल को ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी की स्वब्राह्मण संस्कार यात्राए बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक निकाली जावेगी।

यात्रा में ब्राह्मण समाज के विभिन्न वर्ग एवं संगठन अपने संसाधनों के साथ शामिल होंगे। आज आयोजित पत्रकार वार्ता मे समाज एवं सेना के जितेंद्र त्रिपाठी, प्रफुल्ल शर्मा , पुराणिक ने बताया कि यात्रा शाम 6:00 बजे बड़ा गणपति चौराहे से प्रारंभ होगी एवं मल्हारगंज खजूरी बाजार होते हुए राजवाड़ा पहुंचेगी मार्ग में यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा रहेगी उसके बाद ब्राह्मण विद्वान सैकड़ो की संख्या में मंत्र उच्चारण एवं शंखनाद करते हुए चलेंगे ,उसके बाद भगवान परशुराम जी का सुसज्जित रथ होगा, यात्रा में ब्राह्मण समाज के संगठन एवं उत्थान हेतु कार्य करने वाले वरिष्ठ जनों के चित्र झांकियों पर विशेष रूप से बनाए गए हैं। सेना के मातृशक्ति प्रकल्प की श्रीमती प्रविणा अग्निहोत्री एवं विप्र नारी संगठन अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला शर्मा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं उत्थान विषयों की जीवंत झांकियों एवं गन्नु महाराज की भजन मंडली के साथ मातृशक्ति की उपस्थिति रहेगी। प्रेस वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से प्रकाश बाजपेई राजेश तिवारी जी ,मोहित मिश्रा ,श्रीमती प्रफुल्ला शर्मा ,प्रमोद त्रिवेदी, शेखर शर्मा, बबल जोशी ,सनी शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड
www.rajratan.co.in
रजिस्टर्ड ऑफिस: राजरतन हाउस, 11/2 मीरा पथ, धेनु मार्केट, इंदौर-452003, (म.प्र.), इंडिया, फोन +91-731-2546401.
ई-मेल : investor.cell@rajratan.co.in
सीआईएन L27106MP1988PLC004778

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु पृथक्कृत एवं समेकित परिणामों का विवरण

(रू लाख में)

क्रं.	विवरण	समेकित				पृथक्कृत			
		तिमाही समाप्ति 31.03.2025 (लेखापरिक्षित)	तिमाही समाप्ति 31.03.2024 (लेखापरिक्षित)	वर्ष समाप्ति 31.03.2025 (लेखापरिक्षित)	वर्ष समाप्ति 31.03.2024 (लेखापरिक्षित)	तिमाही समाप्ति 31.03.2025 (लेखापरिक्षित)	तिमाही समाप्ति 31.03.2024 (लेखापरिक्षित)	वर्ष समाप्ति 31.03.2025 (लेखापरिक्षित)	वर्ष समाप्ति 31.03.2024 (लेखापरिक्षित)
1.	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	25198	24057	93693	89385	16104	13994	59344	55776
2.	शुद्ध लाभ कर, अपवाद तथा असाधारण मदों से पहले	2006	2643	7736	9381	1780	2111	6265	7495
3.	शुद्ध लाभ कर से पहले तथा अपवाद एवं असाधारण मदों के बाद	2006	2643	7736	9381	1780	2111	6265	7495
4.	शुद्ध लाभ कर अपवाद एवं असाधरन मदों के बाद	1520	2025	5880	7184	1303	1587	4630	5585
5.	कुल व्यापक आय	1746	1370	7654	6338	1310	1607	4628	5596
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	1015	1015	1015	1015	1015	1015	1015	1015
7.	संचेय (पुर्नमूल्यन संचय छोड़कर जैसा कि पूर्व वर्ष के लेखा परिक्षित तुलनपत्र में दर्शित है।)			54470	47832			37382	33768
8.	प्रति शेयर अर्जन (रू. 2 प्रत्येक का) 1. मूल	2.99	3.99	11.58	14.15	2.57	3.13	9.12	11.00
	2. तनुकृत	2.99	3.99	11.58	14.15	2.57	3.13	9.12	11.00

नोट: उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक ऐक्सचेंज में प्रस्तुत किये गए तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों का सारकित रूप है। समाप्त तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंजस की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट (www.rajratan.co.in) पर उपलब्ध है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
सुनील चोरडिया
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN - 00144786

स्थान: इंदौर
दिनांक: 21 अप्रैल, 2025